दिनांक- 25.07.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 434/26

# महोबा पुलिस

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना कुलपहाड़ में थाना समाधान दिवस पर जनसुनवाई कर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक 25.07.2026 को "थाना समाधान दिवस" के अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा थाना कुलपहाड़ पहुँचकर क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याओं की जनसुनवाई की गई। यह जनसुनवाई प्रभारी निरीक्षक कुलपहाड़ श्री अवधेश कुमार मिश्रा एवं अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा सभी शिकायतों के निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण का आश्वासन दिया गया। उन्होंने मौके पर ही राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों का गठन कर प्राप्त शिकायतों के शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का पारदर्शी, त्वरित एवं न्यायसंगत निस्तारण सुनिश्चित करना है।

इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अनुरुद्ध कुमार द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना महोबकंठ में पहुंचकर जनसुनवाई की गई। इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकांत गोंड द्वारा थाना कोतवाली नगर में जनसुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर अपने-अपने थानों पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच कर संयुक्त टीमों द्वारा मौके पर जाकर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की गई।



दिनांक- 25.07.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 435/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल चरखारी- थाना चरखारी

## थाना चरखारी की पुलिस टीम ने अवैध देशी शराब के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के नेतृत्व में तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे के पर्यवेक्षण में अवैध शराब पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चरखारी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

प्रभारी निरीक्षक चरखारी श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित टीम उ0नि0 भगवानदीन मय हमराह कां0 महेश प्रसाद व रि0कां0 सौरभ मौर्या के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त दीपेन्द्र पुत्र मान सिंह उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम सोहजना थाना चरखारी जनपद महोबा को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 21 अदद क्वार्टर देशी शराब ब्राण्ड "झूम" नाजायज बरामद की गई।

गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना चरखारी पर मु0अ0सं0 159/2026 धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

### गिरफ्तार अभियुक्तः-

दीपेन्द्र पुत्र मान सिंह उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम सोहजना थाना चरखारी जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 भगवानदीन

2.कां0 महेश प्रसाद

3.रि0कां0 सौरभ मौर्या



दिनांक- 25.07.2026
प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 436/26

महोबा पुलिस

# पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा थाना कुलपहाड़ का किया गया आकस्मिक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

जनपद महोबा में पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, अनुशासित एवं जनोन्मुखी बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा थाना कुलपहाड़ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय ने थाना कार्यालय, मिशन शक्ति केन्द्र, प्रभारी निरीक्षक कक्ष, उपनिरीक्षक कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष, हवालात, भोजनालय, आवासीय बैरक एवं थाना परिसर का गहन निरीक्षण कर अभिलेखों, व्यवस्थाओं तथा साफ-सफाई का जायजा लिया।

पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ को थाना परिसर में स्वच्छता एवं सुव्यवस्था बनाए रखने, पुलिस कर्मियों को गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने तथा ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत थाना परिसर में शीतल एवं स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त एवं सुलभ व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही अभिलेखों का नियमित अद्यतन, सीसीटीएनएस कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने एवं आमजन के साथ संवेदनशील एवं शालीन व्यवहार सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कुलपहाड़ श्री अवधेश कुमार मिश्रा, पीआरओ श्री राहुल मिश्रा सहित अन्य सम्बंधित पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।



दिनांक- 25.07.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 437/26

# महोबा पुलिस

## जनपद महोबा पुलिस द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान, यातायात नियमों के उल्लंघन पर प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर सघन वाहन चेकिंग अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना, यातायात नियमों के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाना तथा कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाना है।

इसी क्रम में आज जनपद महोबा के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रांतर्गत प्रमुख चौराहों, भीड़भाड़ वाले बाजारों, विद्यालयों/महाविद्यालयों के आसपास, संवेदनशील स्थलों एवं अत्यधिक यातायात वाले मार्गों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान जनपदीय पुलिस एवं यातायात पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा योजनाबद्ध एवं पेशेवर ढंग से वाहनों की गहन चेकिंग की गई।

अभियान के दौरान पुलिस टीमों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त एवं प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई की गई। साथ ही संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की भी बारीकी से जांच की गई, जिससे अपराध नियंत्रण में भी सहायता प्राप्त हो सके। पुलिस कर्मियों द्वारा वाहन चालकों को नियमों के पालन हेतु जागरूक करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

चेकिंग के दौरान विशेष रूप से (1) बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाना, (2) तीन सवारी बैठाकर वाहन संचालन, (3) बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाना, (4) मॉडिफाइड साइलेंसर/ध्वनि प्रदूषण करने वाले वाहनों का प्रयोग, (5) चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग न करना एवं (6) वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करना आदि यातायात नियमों के उल्लंघनों पर कड़ी निगरानी रखते हुए संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार चालान की कार्रवाई की गई।

अभियान के अंतर्गत कुल 112 चालान किए गए, जिन पर कुल ₹98,000 समन शुल्क अधिरोपित किया गया। समस्त कार्रवाई मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत पूर्णतः नियमानुसार संपादित की गई। गंभीर उल्लंघनों के मामलों में आवश्यकतानुसार कठोर विधिक कार्रवाई भी सुनिश्चित की गई।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा सभी पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि अभियान के दौरान आमजन के साथ विनम्र एवं शालीन व्यवहार बनाए रखते हुए यातायात व्यवस्था को बाधित किए बिना प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### महोबा पुलिस की अपील:-

जनपदवासियों से अनुरोध है कि यातायात नियमों का पूर्णतः पालन करें। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। वाहन चलाते समय ड्राइविंग लाइसेंस, पंजीकरण प्रमाण पत्र (RC), बीमा एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज अपने साथ रखें। शराब पीकर वाहन चलाना, ओवरस्पीडिंग एवं मोबाइल फोन का प्रयोग करना दुर्घटना का प्रमुख कारण है, अतः इससे बचें।

यातायात नियमों का पालन करना न केवल आपकी सुरक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि अन्य नागरिकों के जीवन की सुरक्षा हेतु भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

जनपद महोबा पुलिस द्वारा यह सघन अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा, जिससे जनपद में सुरक्षित, अनुशासित एवं सुचारु यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सक

दिनांक- 25.07.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 437/26

# महोबा पुलिस

## जनपद महोबा पुलिस द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान, यातायात नियमों के उल्लंघन पर प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़, सुरक्षित एवं सुचारु बनाए रखने हेतु निरंतर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों एवं यातायात पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा प्रमुख चौराहों, बाजारों एवं व्यस्त मार्गों पर विशेष चेकिंग अभियान संचालित किया गया।

अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाना, तीन सवारी बैठाकर वाहन संचालन, बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाना, मॉडिफाइड साइलेंसर का प्रयोग, सीट बेल्ट का प्रयोग न करना एवं वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करना आदि उल्लंघनों पर कड़ी निगरानी रखते हुए नियमानुसार चालान किए गए।

अभियान के अंतर्गत जनपद के समस्त थानों एवं यातायात पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए कुल 350 वाहनों के चालान किए गए, जिन पर ₹3,46,500/- (तीन लाख छियालीस हजार पांच सौ रुपये) समन शुल्क अधिरोपित किया गया। उक्त समस्त कार्रवाई मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत पूर्णतः नियमानुसार संपादित की गई।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा सभी पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि आमजन के साथ विनम्र व्यवहार रखते हुए यातायात नियमों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए।

**महोबा पुलिस की अपील:-**

जनपदवासियों से अनुरोध है कि यातायात नियमों का पालन करें। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। वाहन चलाते समय आवश्यक दस्तावेज साथ रखें तथा शराब पीकर वाहन चलाने, ओवरस्पीडिंग एवं मोबाइल फोन के प्रयोग से बचें।

जनपद महोबा पुलिस द्वारा सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था हेतु यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।




